प्रेस विज्ञप्ति/ प्रकाशनार्थ

10 सितम्बर , 2021 गोरखपुर ।

गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा जटाशंकर गोरखपुर में जेसीआई गोरखपुर स्वराज एवं श्री गुरु नानक देव निशुल्क रक्तदान सेवा सोसायटी की तरफ से एक रक्तदान शिविर का आयोजन गुरु श्री गोरखनाथ ब्लड बैंक के तत्वाधान मे किया गया। इस रक्तदान शिविर का उद्देश्य है रक्तदान द्वारा मरीजों के प्राणो की रक्षा करते हुये समाज कल्याण करना। इस अवसर पर ब्लड बैंक प्रभारी डॉ अवधेश अग्रवाल ने "श्री गणेश चतुर्थी की शुभकामनायें देते हुए कहा की सभी रक्तदाता रक्त दान कर गंभीर रोगियों को जीवन दान देते हैं। इसलिए सभी रक्तदाता भगवान स्वरुप हैं।

"रक्तदान, साक्षात जीवनदान"

डॉ अग्रवाल ने आगे बताया की रक्तदान द्वारा नर सेवा होता है और नर सेवा ही नारायण सेवा है,आपके किये गए रक्तदान से मरीज को जीवनदान मिलता है।कोई भी स्वस्थ्य ब्यक्ति जिसकी उम्र 18 से 65 हो हीमोग्लोबिन 12.5 से ऊपर हो रक्त चाप सामान्य हो हर तीन महीने के अंतराल पर रक्तदान कर राष्ट्र सेवा मे अपनी अहम भूमिका का निर्वाहन कर सकता हैं। इस कार्यक्रम मे जेसीआई गोरखपुर स्वराज की अध्यक्ष श्रीमती वसुंधरा सिंह, कोषाध्यक्ष अनुराधा जैन के साथ गुरुद्वारा के श्री जशपाल सिंह, जगनैन सिंह (नीटू) श्री राजेंद्र सिंह, संतोष साहनी, अरविन्द गुप्ता, सनी इत्यादि मौजूद रहे। रक्तदान शिविर मे श्री जगनैन सिंह (नीटू),मनी कौर सनी गुप्ता, अभिषेक कुमार, निशा गोयल, अंशु कुमार गुप्ता, रजनीश कुमार, विकास कुमार पाण्डेय, इक़बाल सिंह समेत 19 व्यक्तियों ने रक्त दान किया। सभी रक्तदाताओं को ब्लड बैंक द्वारा सम्मान स्वरूप प्रशस्ति पत्र , की चैन,कॉफ़ी मग आदि दिया गया । रक्तदान शिविर को सफल बनाने मे ब्लड बैंक के तकनीशियन अनुराग मिश्रा, घनश्याम पाण्डेय, रुवी गुप्ता का अहम योगदान रहा

वैश्विक महामारी कोविड को ध्यान में रखते हुए कार्यक्रम में सोशल डिस्टेंस, हैण्ड सैनिटाइजेशन तथा मास्क इत्यादि के साथ रक्तदाताओ का चिकित्सीय परिक्षण, हीमोग्लोबिन, बी.पी. पल्स, ब्लड ग्रुप इत्यादि जाँच की गई।